Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Murmu Shri Hemlal

Title: Need to maintain status quo ante with regard to seats reserved for SCs/STs in Vidhan Sabha and Lok Sabha from Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल): श्रीमान, जनगणना 2001 के आधार पर झारखंड राज्य के विधान सभा एवं लोक सभा के आरक्षित सीटों का परिसीमन के अंतर्गत क्रमश:6 एवं 1 सीट का नुकसान हो रहा है जिसके कारण लाखों आदिवासियों के संबंध में आवाज उठाने वाले जनप्र ातिनिधि चुनाव लड़ने से वंचित हो जाएंगे। इस संबंध में झारखंड के सर्वदलीय दल के प्रतिनिधियों द्वारा माननीय प्रधान मंत्री, विधि मंत्री, गृह मंत्री आदि से मिलकर वर्तमान परिसीमन में सीटों की संख्या नहीं घटाने के लिए आग्रह किया गया है। झारखंड आदिवासी परिद एवं झारखंड सरकार द्वारा भी आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों में कमी नहीं करने का फैसला किया गया है और इस संबंध में व्यक्तिगत साझात्कार के द्वारा भारत सरकार को अवगत कराया गया है क्योंकि बिहार पुनर्गठन विधेयक 2000 एवं झारखंड राज्य के प्रखंडों एवं जिले को अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत शासित करने एवं भिन्न कानूनों से आदिवासियों का कल्याण करने का उद्देश्य सीटों की संख्या में कमी नहीं करना था।

मेरा सरकार से आग्रह है कि झारखंड में लोक सभा एवं विधान सभा में आरक्षित सीटों की संख्या में कमी नहीं लाने के लिए कानून बनाया जाए।